>

Title : Need to declare 'Sitamarhi' in district Nawada, Bihar as a tourist place of national importance.

**डॉ. भोला सिंह (नवादा):** महोदय, बिहार के नवादा जिलान्तर्गत मैसकोर प्रखंड स्थित पर्यटन स्थल के रूप में सीतामढ़ी है, जहां माँ सीता अस्मिता के लिए धरती माँ की गोद में समा गई। धरती वहां फटी पड़ी है। यहां विश्वकर्मा का बनाया मंदिर है, जहां लाखों लोगों का मेला लगता है। सरोवर तालाबनुमा है, जिसमें सीता स्नान करती थी। यह पर्यटन का स्थल बन गया है।

मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि वह इस तीर्थ स्थल को राÂष्ट्रीय मान्यता प्रदान करे। यात्रियों के लिए धर्मशाला, लोगों के लिए अस्पताल एवं तालाब की खुदाई पक्कीकरण करे। मैं इस ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूं।